सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा
पूरक (कम्पार्टमेंट) परीक्षा (सितंबर **2021**)
अंक-योजना: हिंदी **(A)**, कोड**- 002**
कक्षा**- 10** वीं प्रश्न पत्र **3/3/1**

सामान्य निर्देश: मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के लिए भविष्य, शिक्षा प्रणाली और अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। सार्वजनिक रूप से किसी भी तरह इसके लीक होने पर परीक्षा प्रणाली पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जो लाखों उम्मीदवारों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना आईपीसी के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना है, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालांकि मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित और नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता

और उपयुक्तता को परखते हुए  पूरे अंक दिए जाएँ। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दक्षता आधारित(**competency based**) दो प्रश्नों के मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें;  उनके उत्तर चाहे अंक योजना  में दिए गए उत्तर से  मेल न खाते हों  तब भी सही दक्षताओं की परिगणना की गई हो तो अंक दिए जाने चाहिए।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकन कर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब आप आश्वस्त हो, जब उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (✔ ) लगाएँ और गलत उत्तर के लिए गलत का ( x )। मूल्यांकन करता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है की उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में उपभागों के इन अंकों का योग बायीं  ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न के कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाव्कृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर भी लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें/ उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 100 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की बीस उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं –

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना।
- उत्तर या दिए गए अंकों का योग ठीक न होता।
- उत्तर पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना।
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि।
- योग करने में अंकों और शब्द में अंतर होना।
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना।
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✔ ) या ( **x** ) का उपयुक्त निशान ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)

- उत्तर का एक भाग सही और दूसरा गलत हो किंतु अंक न दिए गए हों।

13. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

14. उत्तर पुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँचे हुए  छूट जाना या योग में किसी भूल का पता लगना मूल्यांकन कार्य में लगे सभी लोगों की छवि को और माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है।

15. सभी परीक्षक वास्तविक मूल्यांकन कार्य से पहले ‘स्पॉट इवैल्यूएशन’ के निर्देशों से सुपरिचित हो जाएँ।

16. प्रत्येक परीक्षक सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन हुआ है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

17. माध्यमिक शिक्षा परिषद पुन: मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है।

सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा

पूरक (कम्पार्टमेंट) परीक्षा (सितंबर **2021**)

अंक-योजना: हिंदी **(A)** कोड: **002**

प्रश्न पत्र **3/3/1**

विषय : हिंदी (A) कक्षा- 10 वीं

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | <u>खंड (अ) वस्तुपरक प्रश्न</u> | |
| **1** | | किसी भी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर पर अंक दिए जाएँ - | **5×1=5** |
| | | <u>पहला गद्यांश</u> | |
| | **(i)** | **(B)** असमानता | **1** |
| | **(ii)** | **(A)** धनाढ्य वर्ग | **1** |
| | **(iii)** | **(A)** समता और आशा से भरपूर | **1** |
| | **(iv)** | **(D)** जागरूकता | **1** |
| | **(v)** | **(B)** सामाजिक विषमता की चुनौती | **1** |
| अथवा | | <u>दूसरा गद्यांश</u> | |
| | **(i)** | **(A)** स्वावलंबन | **1** |
| | **(ii)** | **(D)** लालच को सीमाओं में बाँधने के लिए | **1** |
| | **(iii)** | **(B)** तापमान वृद्धि, धूल, धुआँ आदि से प्रदूषण | **1** |
| | **(iv)** | **(D)** आनंदमय जीवन के लिए | **1** |
| | **(v)** | **(B)** गांधीवादी नीति | **1** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| 2 | | किसी भी एक पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर पर अंक दिए जाएँ - <br>पहला पद्यांश | **5×1=5** |
| | **(i)** | **(D)** निष्ठा | **1** |
| | **(ii)** | **(B)** उसका मान रखते हुए कुछ खाकर | **1** |
| | **(iii)** | **(A)** पर्यावरण के प्रति जागरूकता | **1** |
| | **(iv)** | **(B)** निश्छल और सरल स्वभाव के कारण | **1** |
| | **(v)** | **(A)** समभावी | **1** |
| अथवा | | दूसरा पद्यांश | |
| | **(i)** | **(B)** भरे-पूरे परिवार वाले घर का | **1** |
| | **(ii)** | **(A)** चैन शांति की ज़िंदगी हो | **1** |
| | **(iii)** | **(B)** स्वप्न भी यथार्थ के दास हैं भूल गया | **1** |
| | **(iv)** | **(C)** क्रूर यथार्थ के अनुभव | **1** |
| | **(v)** | **(A)** आसमान-नदी के सहारे | **1** |
| | | व्यावहारिक व्याकरण | |
| 3 | | किन्हीं चार भागों के उत्तर अपेक्षित - | **4×1=4** |
| | **(i)** | **(A)** सरल वाक्य | **1** |
| | **(ii)** | **(C)** ये खबरें ऐसी थीं जिनसे हिंदुस्तान में सनसनी फैल रही थी। | **1** |
| | **(iii)** | **(B)** संज्ञा आश्रित उपवाक्य | **1** |
| | **(iv)** | **(A)** ज़माना नया होने के कारण फ़ौज-फाटे के साथ निकलने के दिन बीत चुके थे। | **1** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| 3 | (v) | **(D)** जिसका रेशमी कपड़ा हिंदुस्तान से मँगाया गया था- विशेषण आश्रित उपवाक्य | 1 |
| 4 | | किन्हीं चार भागों के उत्तर अपेक्षित - | 4×1=4 |
| | (i) | **(C)** कर्तृवाच्य | 1 |
| | (ii) | **(A)** कर्मवाच्य | 1 |
| | (iii) | **(D)** मूर्तिकार द्वारा समझा गया। | 1 |
| | (iv) | **(B)** इस बात की पूरी छानबीन करने का काम सौंप दिया । | 1 |
| | (v) | **(D)** उसे ज़ल्दी नहीं उठा पाएँगे। | 1 |
| 5 | | किन्हीं चार भागों के उत्तर अपेक्षित - | 4×1=4 |
| | (i) | **(C)** संख्यावाचक विशेषण, मूर्तियों विशेष्य का विशेषण, बहुवचन, स्त्रीलिंग | 1 |
| | (ii) | **(D)** रीतिवाचक क्रिया-विशेषण, 'थी' क्रिया का विशेषण | 1 |
| | (iii) | **(B)** पुरुषवाचक सर्वनाम, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक | 1 |
| | (iv) | **(A)** जातिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्मकारक | 1 |
| | (v) | किसी भी विकल्प के चयन पर अंक दिए जाएँ। | 1 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| 6 | | किन्हीं चार भागों के उत्तर अपेक्षित - | **4×1=4** |
| | **(i)** | **(A)** आश्रय | **1** |
| | **(ii)** | **(B)** सहृदय के मन में स्थिर रूप से विद्यमान रहते हैं। | **1** |
| | **(iii)** | **(C)** उद्दीपन भाव | **1** |
| | **(iv)** | **(A) शृंगार रस** | **1** |
| | **(v)** | **(C)** रौद्र रस | **1** |
| | | पाठ्य पुस्तक | |
| 7 | | पठित गद्यांश पर आधारित | **5×1=5** |
| | **(i)** | **(B)** उनका हमारे बीच न होना उदासी और मधुर स्मृतियों से भर देता है। | **1** |
| | **(ii)** | **(D)** कर्मठता के प्रति दृढ़ता का भाव | **1** |
| | **(iii)** | **(B)** साहित्यिक गतिविधियों के लिए समूह | **1** |
| | **(iv)** | **(A)** निष्पक्ष और स्पष्टवादी | **1** |
| | **(v)** | **(C)** अपने परिवार को छोड़कर भारत आए थे।/<br>**(D)** कभी गृहस्थी के झंझट में नहीं पड़े थे।<br>(दोनों में से किसी भी विकल्प के चयन पर अंक दिए जाएँ ।) | **1** |
| 8 | **(i)** | **(B)** कैप्टेन की मृत्यु की सूचना | **2×1=2**<br>**1** |
| | **(ii)** | **(B)** जादुई संगीत में डूबते | **1** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| 9 | | <u>पठित गद्यांश</u> पर आधारित | **5×1=5** |
| | **(i)** | **(D)** परशुराम के क्रोधित होने पर | **1** |
| | **(ii)** | **(A)** राम की आँखें धोखा खा गईं /<br>**(B)** राम ने नए धनुष के धोखे में देखा<br>(दोनों में से किसी भी विकल्प के चयन पर अंक दिए जाएँ ।) | **1** |
| | **(iii)** | **(B)** अकारण क्यों क्रोध कर रहे हैं | **1** |
| | **(iv)** | **(B)** क्रोध | **1** |
| | **(v)** | **(D)** ब्राह्मणों को दान | **1** |
| **10** | | | **2×1=2** |
| | **(i)** | **(C)** कभी स्नेह के धागे से बँधे नहीं तो विरह वेदना क्या जाने | **1** |
| | **(ii)** | **(D)** फागुन | **1** |
| | | <u>खंड (ब) वर्णनात्मक प्रश्न</u><br><u>पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक</u> | |
| **11** | | सभी प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में अपेक्षित- | **4 ×2 =8** |
| | **(i)** | तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य | **2** |
| | **(ii)** | • मृत्यु को शोक का अवसर नहीं मानना<br>• विरहिणी आत्मा का परमात्मा से मिलन, उत्सव और आनंद का अवसर मानना | **1+1=2** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | (iii) | • नवाबी घमंड<br>• दिखावे की प्रवृत्ति<br>• खीरे जैसी तुच्छ चीज़ का दूसरों के सामने सेवन करने में संकोच<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1 =2 |
| | (iv) | • कबीर की शिक्षा के अनुरूप जीवन जीते<br>• झूठ न बोलना, सबसे खरा व्यवहार करना<br>• सारी फसल को कबीर मठ में भेंट करना<br>• बेटे की मृत्यु पर शोक न मनाना<br>• पतोहू से बेटे का अंतिम संस्कार करवाना<br>• पतोहू के पुनर्विवाह का आदेश देना<br>( अन्य उदाहरण भी स्वीकार्य)<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1= 2 |
| 12 | | सभी प्रश्नों के उत्तर 60- 70 शब्दों में अपेक्षित- | 3 ×2 = 6 |
| | (i) | • लड़की होना अर्थात कोमलता, स्नेह, सहिष्णुता, दया, करुणा आदि स्त्रियोचित गुणों से परिपूर्ण रहना क्योंकि यह स्त्री की शक्ति है।<br>• लड़की जैसा दिखना नहीं क्योंकि समाज में लोग स्त्री को कमज़ोर मानकर उसका फायदा उठाते और शोषण करते हैं। | 1+1= 2 |
| | (ii) | • ललित कल्पना- बाल कल्पना, घुँघराले बाल, नूतन कविता, नवीन कल्पना<br>• क्रांति चेतना- विध्वंस, विप्लव और परिवर्तन की चेतना जगाने वाले क्रांतिदूत, शोषित-पीड़ित जन को संघर्ष के लिए प्रेरित करने वाले, नवजीवन वाले | 1+1= 2 |
| | (iii) | • गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति एकनिष्ठ प्रेम<br>• गोपियों के प्रेम और भक्ति से उत्पन्न तर्कों के समक्ष निरुत्तर<br>• उद्धव के सैद्धांतिक ज्ञान पर गोपियों के प्रेम की विजय<br>• प्रेम की सरसता के समक्ष योग के शुष्क ज्ञान की नीरसता<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1= 2 |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| **13** | | किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर **50 - 60** शब्दों में अपेक्षित- | **2×3 = 6** |
| | **(i)** | 'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों (वन,भू, जल संरक्षण, प्रदूषण और गंदगी, पहाड़ों और जंगलों की कटाई की रोकथाम आदि) के प्रति जागरूकता में तेजी लाने में अपनी भूमिका को स्पष्ट करते हुए उपयुक्त मुक्त उत्तर पर अंक दिए जाएँ। | **3** |
| | **(ii)** | • व्यावसायिक हितों के कारण फैलायी जाने वाली झूठी खबरों से से, अर्धसत्य से<br>• पक्षपातपूर्ण नजरिए से<br>• नकारात्मकता और अनैतिकता को बढ़ावा देने वाली खबरों से<br>• समाजिक विभाजन के प्रयासों से<br>• अनावश्यक और अनुपयोगी चटखारेदार विवरण से<br>• अश्लीलता और दिखावे की प्रवृत्ति के प्रचार से<br>( कोई तीन बिंदु अपेक्षित)<br>( अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) | **1+1+1= 3** |
| | **(iii)** | तर्कपूर्ण मुक्त उत्तर स्वीकार्य<br><br>[ उदाहरणार्थ :<br>माता-पिता से प्राप्त स्नेह और सुरक्षा की अनुभूति;<br>माता-पिता और बच्चे के भावात्मक संबंध के विविध रूप;<br>बच्चों की जरूरतों, इच्छाओं और हठ की पूर्ति;<br>बचपन के खेल और शरारत को माता-पिता द्वारा समझना और उनमें शामिल होना; आदि ] | **3** |

| प्रश्न | प्रश्न उप भाग | उत्तर - संकेत / मूल्य - बिंदु | अंक निर्धारण और अंक विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | <u>लेखन</u> | |
| 14 | (i)<br>(ii)<br>(iii) | किसी एक विषय पर अनुच्छेद लेखन अपेक्षित-<br>● भूमिका **- 1**<br>● विषय-वस्तु **- 3**<br>● भाषायी शुद्धता**- 1** | **5** |
| 15 | (क)<br>(ख) | किसी एक विषय पर पत्र **-** लेखन अपेक्षित **-**<br>● प्रारूप **- 1**<br>● विषय-वस्तु **- 3**<br>● भाषायी शुद्धता**- 1** | **5** |
| 16 | (क)<br>(ख) | किसी एक विषय पर विज्ञापन**-** लेखन अपेक्षित **-**<br>● रचनात्मकता और प्रस्तुति **- 2**<br>● विषय-वस्तु **- 2**<br>● भाषायी शुद्धता **- 1** | **5** |
| 17 | (क)<br>(ख) | किसी एक विषय पर संदेश-लेखन अपेक्षित **-**<br>● प्रारूप **- 1**<br>● विषय-वस्तु **- 3**<br>● भाषायी शुद्धता **- 1**<br><br>**(**निर्देश**-** प्रश्न-पत्र में प्रश्न **17** के (क) भाग में त्रुटिवश संदेश-लेखन के स्थान पर बधाई पत्र दे दिया गया है। विद्यार्थी इस भाग में पत्र-लेखन करते हैं या संदेश लेखन करते हैं- दोनों स्थिति में उन्हें अंक दिए जाएँ।**)** | **5** |